# मध्य पूर्व तनाव के बीच आरबीआई सतर्क

**तेल और व्यापार पर निर्भरता से बढ़ी चिंता**

**डेटा आधारित नीति, जल्दबाजी से इनकार**

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच साफ संकेत दिया है कि केंद्रीय बैंक फिलहाल 'वेट एंड वॉच' मोड में है.**

खासकर मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर उन्होंने चिंता जताई और कहा कि यह स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सीधे और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के जोखिम पैदा कर सकती है. उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्याज दरों को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं की जाएगी और आगे के फैसले पूरी तरह से आंकड़ों और परिस्थितियों के आकलन पर आधारित होंगे.

मल्होत्रा ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत के लिए आर्थिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है. भारत के कुल निर्यात का लगभग छठा हिस्सा और आयात का पांचवां हिस्सा इसी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है. इसके अलावा कच्चे तेल के आयात का करीब आधा हिस्सा और उर्वरकों का एक बड़ा भाग भी इसी क्षेत्र से आता है. यही नहीं, भारत को मिलने वाली कुल रेमिटेंस का लगभग दो-तिहाई हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है. ऐसे में वहां किसी भी प्रकार का भू-राजनीतिक तनाव भारत की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है.

उन्होंने विशेष रूप से आपूर्ति श्रृंखला में संभावित बाधाओं को लेकर चेतावनी दी. उनका कहना था कि यदि यह तनाव लंबे समय तक बना रहता है और आपूर्ति में व्यवधान जारी रहता है, तो इसका असर केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि व्यापक स्तर पर महंगाई को बढ़ावा दे सकता है. खासकर ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का असर परिवहन, उत्पादन और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा.



> गवर्नर मल्होत्रा ने यह भी कहा कि वास्तविक चिंता केवल तत्काल प्रभावों की नहीं है, बल्कि 'दूसरे दौर के प्रभावों' की है. इसका मतलब है कि अगर शुरुआती झटकों के बाद भी कीमतों और आपूर्ति में अस्थिरता बनी रहती है, तो यह धीरे-धीरे पूरे आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर सकती है. इससे मांग और आपूर्ति के बीच असंतुलन पैदा हो सकता है, जो दीर्घकालिक महंगाई का कारण बन सकता है.

# एलपीजी डिलीवरी सामान्य ऑनलाइन बुकिंग बढ़ी

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया है कि वर्तमान में पूरे देश में एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और किसी भी प्रकार की आपूर्ति संबंधी बाधा नहीं है.**

मंत्रालय के अनुसार डिजिटल माध्यमों से एलपीजी बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है और यह अब लगभग 98 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो उपभोक्ताओं के बीच डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है.सरकार ने स्पष्ट किया है कि वैश्विक स्तर पर कुछ भू-राजनीतिक परिस्थितियों और ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में घरेलू ईंधन आपूर्ति स्थिर और नियंत्रित है. वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर केंद्रों के संचालन समय में विस्तार किया गया है ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो.इसके साथ ही मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी है कि अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी है. मार्च 2026 से अब तक 1.28 लाख से अधिक छापेमारी अभियान चलाए गए हैं, जिनमें लगभग 59 हजार अवैध सिलेंडर जब्त किए गए हैं. सरकार का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को पारदर्शी और सुरक्षित बनाना है.



# भारत-दक्षिण कोरिया वित्तीय सहयोग को नई रफ्तार

**सीतारमण-एफएससी प्रमुख बैठक, फिनटेक व निवेश पर जोर**

**डिजिटल पेमेंट्स और लोकल करेंसी सेटलमेंट पर चर्चा**

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल. भारत और दक्षिण कोरिया के बीच आर्थिक और वित्तीय संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में दक्षिण कोरिया के फाइनेंशियल सर्विसेज कमीशन के चेयरमैन ली इओग-वेओन से मुलाकात की.**

इस उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों के बीच वित्तीय क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के साथ-साथ नई संभावनाओं को तलाशने पर व्यापक चर्चा हुई. वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में केवल औपचारिक बातचीत ही नहीं हुई, बल्कि कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस सहयोग की दिशा में विचार-विमर्श किया गया. बैठक में फिनटेक इनोवेशन, डिजिटल पेमेंट्स, निवेश के अवसर, लोकल करेंसी सेटलमेंट और गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट आईएफएससी) में व्यापारिक संभावनाओं जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई. यह संकेत देता है कि दोनों देश पारंपरिक आर्थिक संबंधों से आगे बढ़कर आधुनिक और तकनीक-आधारित वित्तीय साझेदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं. इस बैठक में एफएससी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे, जिनमें डायरेक्टर जनरल यूएन योसेओप और इंटरनेशनल फाइनेंस डिवीजन की डायरेक्टर किम यूनही प्रमुख रूप से उपस्थित थे. उनकी मौजूदगी इस बात को दर्शाती है कि दक्षिण कोरिया भी भारत के साथ वित्तीय सहयोग को रणनीतिक स्तर पर आगे बढ़ाने को लेकर गंभीर है.

दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सहयोग को मजबूत करना बेहद

> दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सहयोग को मजबूत करना बेहद आवश्यक है. खासकर फिनटेक और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में भारत की तेजी से बढ़ती क्षमता और दक्षिण कोरिया की तकनीकी विशेषज्ञता मिलकर एक मजबूत साझेदारी का आधार बना सकती है. भारत में डिजिटल भुगतान का विस्तार और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में हो रही प्रगति को देखते हुए कोरिया के लिए यहां निवेश और साझेदारी के बड़े अवसर मौजूद हैं.

# सोना सस्ता, चांदी में बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली, 21 अप्रैल. आज सोने और चांदी की कीमतों में हल्की से मध्यम गिरावट देखने को मिली. शुरुआती कारोबार में चांदी के दामों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जबकि सोना भी मामूली रूप से सस्ता हुआ. बाजार में यह उतार-चढ़ाव वैश्विक संकेतों और घरेलू मांग में बदलाव के चलते देखा जा रहा है.**

एमसीएक्स पर 5 मई डिलीवरी वाली चांदी करीब 2300 रुपये से ज्यादा टूटकर लगभग 2,50,210 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई. वहीं, 5 जून डिलीवरी वाली चांदी में भी गिरावट दर्ज की गई और यह करीब 150 रुपये की कमजोरी के साथ कारोबार कर रही थी.सोने की बात करें तो 24 कैरेट सोना लगभग 10 रुपये की हल्की गिरावट के साथ 1,55,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास ट्रेड करता दिखा. इसी तरह 22 कैरेट और 18 कैरेट सोने में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई.

सर्राफा बाजार के अनुसार, प्रमुख शहरों में भी सोने के दाम लगभग स्थिर से कमजोर रहे. दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और लखनऊ जैसे शहरों में 24 कैरेट सोना लगभग समान स्तर पर कारोबार कर रहा है. विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार की चाल और डॉलर की मजबूती- कमजोरी के आधार पर सोने-चांदी के दामों में और बदलाव देखने को मिल सकता है.

# वीआईटी-टाटा मोटर्स में शिक्षा समझौता

**नई दिल्ली 21 अप्रैल,** वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआईटी) ने टाटा मोटर्स यात्री वाहन लिमिटेड (टीएमपीवी) के साथ आधिकारिक रूप से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक सहयोग निरंतर शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस समझौता ज्ञापन पर वीआईटी की रजिस्ट्रार डॉ. टी. जयभारती और टाटा मोटर्स यात्री वाहन लिमिटेड के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्री सीताराम कांडी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इसका आदान-प्रदान 16 अप्रैल 2026 को पुणे स्थित परिसर में किया गया।

इस समझौते के अंतर्गत, वीआईटी आगामी शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से टाटा मोटर्स के रानीपेट संयंत्र के टीएमपीवी कर्मचारियों के लिए बी.टेक (निर्माण अभियांत्रिकी) कार्यक्रम प्रारंभ करेगा।



एमओयू का औपचारिक आदान-प्रदान वीआईटी के माननीय कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन और टाटा मोटर्स के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्री सीताराम कांडी द्वारा किया गया।

टाटा मोटर्स की ओर से उपाध्यक्ष (संचालन) श्री प्रमोद चौधरी, वरिष्ठ महाप्रबंधक (यात्री वाहन संचालन) श्री नीरज अग्रवाल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री विवेक बिंद्रा, महाप्रबंधक (प्रशिक्षण एवं विकास) डॉ. रंगा गुंती, महाप्रबंधक (प्रशिक्षण एवं विकास) श्री मार्सेल फर्नांडीस, महाप्रबंधक एवं प्रमुख (प्रारंभिक करियर एवं परिसर कार्यक्रम) श्री राजीव रंजन, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अभ्युदय द्विवेदी तथा अन्य टीम सदस्य उपस्थित रहे।

वीआईटी की ओर से उपाध्यक्ष डॉ. शंकर विश्वनाथन एवं डॉ. सेकर विश्वनाथन, कुलपति डॉ. कंचना भास्करन, निदेशक (निरंतर व्यावसायिक विकास केंद्र) डॉ. सैमुअल राजकुमार, अधिष्ठाता (यांत्रिक अभियांत्रिकी संकाय) डॉ. कुप्पन पी., सहायक निदेशक (करियर विकास केंद्र) डॉ. गौरव सुशांत तथा क्षेत्रीय प्लेसमेंट अधिकारी श्री साबदे अमित सुरेश, पुणे उपस्थित रहे।

# रिलायंस डिस्काउंट में मिलेंगे जबरदस्त ऑफर्स

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल. रिलायंस डिजिटल, यह इंडिया का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है, जिसने अपने लंबे समय से इंतजार की जा रही 'डिजिटल डिस्काउंट डेज़' कैम्पेन के फिर से आने की घोषणा की है. इससे लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में अपग्रेड करना अब पहले से कहीं ज़्यादा आसान ही नहीं बल्कि फायदेमंद भी हो जाएगा.**

इस कैम्पेन के अंतर्गत, ग्राहक लीडिंग बैंक के कार्ड्स पर 26,000 तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं या पेपर फाइनान्स पर 30,000 तक कैशबैक का विकल्प चुन सकते हैं. इसके अलावा, रिलायंस डिजिटल सेकंड प्रोडक्ट पर दे रहा है फ्लैट 50% की छूट, जिससे ऑडियो डिवाइस, वेयरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप एक्सेसरीज़, चुनिंदा होम एंटरटेनमेंट और छोटे अप्लायंसेज़ जैसी कैटेगरी में कई चीज़ें खरीदने को बढ़ावा मिलेगा.

इसमें हिस्सा लेने वाले ब्रांड्स में मार्शल, जेबीएल, बोट और वनप्लस शामिल हैं, जो लोकप्रिय कंज़्यूमर टेक इकोसिस्टम पर कंपनी के मजबूत फोकस को दर्शाता है.

digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

> रोज़मर्रा के जीवन में इस्तेमाल होने वाली ज़रूरी चीज़ें जैसे वायरलेस माउस, लैपटॉप एक्सेसरीज़, पावर बैंक और सैंडविच मेकर जैसे छोटे किचन अप्लायंसेज़ भी इस स्कीम का हिस्सा हैं, जो आपको 300 से 750 की रेंज में आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे.

# होर्मुज तनाव से तेल कीमतें उछलीं

**नई दिल्ली, 20 अप्रैल अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर बढ़े तनाव और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर पैदा हुई अनिश्चितता का सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर देखने को मिल रहा है.**

ताजा घटनाक्रम के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हलचल मच गई है और निवेशकों की चिंता बढ़ गई है. रिपोर्टों के अनुसार, होर्मुज क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव, जहाजों की आवाजाही पर प्रतिबंध और दोनों देशों के बीच नाकेबंदी जैसी स्थितियों ने तेल आपूर्ति को लेकर आशंकाएं बढ़ा दी हैं. इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति गुजरती है, ऐसे में किसी भी तरह की बाधा सीधे वैश्विक सप्लाई चेन को प्रभावित करती है.

तनाव बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतों में करीब 5 से 7 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई है. विशेषज्ञों का कहना है कि यह उछाल बाजार में बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिम और संभावित आपूर्ति संकट का संकेत है.

# भारतीय शेयर बाजार में आई तेजी

**753 अंक से चढ़ा सेंसेक्स**

**211 अंक ऊपर रहा निफ्टी**

**मुंबई, 21 मार्च अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप मिलने की उम्मीद में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 753.03 अंक (0.96 प्रतिशत) चढ़कर 79,273.33 अंक पर पहुंच गया.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत ऊपर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ. यह दोनों सूचकांकों का 05 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है.



अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आगे की वार्ता के उद्देश्य से भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया है. निवेशकों को उम्मीद है कि इस समझौते के लागू होने से दोनों देशों के लिए नये अवसर खुलेंगे और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा.

बाजार में लिवाली चौतरफा रही और निवेशकों ने मझौली तथा छोटी कंपनियों में भी विश्वास दिखाया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.47 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.88 प्रतिशत चढ़ा. फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की हल्की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक ऊपर रहे.

## समाचार विशेष

# तालमेल के लिए एक नेता की जरुरत : वेणुगोपाल इस जरुरत को पूरा नहीं कर पा रहे



**केरल.** कांग्रेस पार्टी में एक ऐसे नेता की जरुरत है, जो पार्टी के अंदर सभी नेताओं और प्रादेशिक क्षत्रपों के बीच समन्वय बना कर चले और साथ ही पार्टी के बाहर सहयोगी दलों के साथ भी तालमेल संभाले. अहमद पटेल के बाद से ही कांग्रेस को ऐसे नेता की जरुरत थी. राहुल गांधी ने केसी वेणुगोपाल को संगठन महासचिव बना कर पिछले कई साल से रखा हुआ है लेकिन वे इस जरुरत को पूरा नहीं कर पा रहे हैं.

यहां तक कि अपने राज्य केरल में भी वे तालमेल नहीं बना सके. केरल में हो सकता है कि कांग्रेस पार्टी जीत जाए लेकिन उससे पहले तमाम ओपिनियन पोल जो कांटे की टक्कर दिखा रहे हैं उसका कारण यह है कि पार्टी में बिखराव बहुत है. अंदरखाने घमासान छिड़ा है. सोचें, केसी वेणुगोपाल केरल से आते हैं और वहां भी वे तालमेल नहीं बनवा पाए. केरल में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती नेतृत्व की है. एक तरफ सीपीएम की ओर से बिल्कुल स्पष्ट है कि उसकी जीत होगी तो पिनरायी विजयन फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे. दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से पांच लोगों की दावेदारी बताई जा रही है, जिनमें एक नाम खुद केसी वेणुगोपाल का है.


CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

## कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060

### मांग नोटिस

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के तहत, अधोहस्ताक्षरी कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत अधिकृत अधिकारी है। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") को संबंधित मांग नोटिसों में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, उक्त उधारकर्ता(ओं) को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर सीजीएचएफएल को नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान करें, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथियों से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज का भी भुगतान करें, जो उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित ऋण समझौते और अन्य दस्तावेजों/लिखितों (यदि कोई हो) के तहत देय है। ऋण के उचित पुनर्भुगतान की सुरक्षा के रूप में, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों को सीजीएचएफएल के पास गिरवी रखा गया है।

| स. क्र. | उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम | मांग नोटिस की तिथि और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या) LNHLRAT000104479 (पुराना) 5120000906309 (नया) (रतलाम शाखा) श्री अनुप पांडे उर्फ श्री अनुप कुमार पांडे (उधारकर्ता) श्री लाल शंकर पांडे, श्री अशोक पांडे, श्रीमती कोशल्या पांडे और श्री अजय कुमार पांडे (सह-उधारकर्ता) | 13.04.2026 रु. 20,49,453/- (03.04.2026 तक) | मध्य प्रदेश - 457001 के रतलाम तहसील और जिले के नौगावा जिले के तेनकर रोड स्थित तेंकर रोड पर स्थित, 620 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली, भूमि और भवन सहित वह आवासीय संपत्ति, जिसका क्षेत्रफल सर्वे संख्या 48/3, 48/4, 48/5, 48/6, 48/7, 48/8, 48/9, 48/10, 48/11, 48/12 है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः इस भूखंड की शेष भूमि, दक्षिणः तृप्ति पांडे और निर्मला पांडे का भूखंड, पूर्वः निशा का घर, पश्चिमः सड़क |
| 2. | (ऋण खाता संख्या) LNHLAGA000084213 (पुराना) 5030000619594 (नया) (आगर मालवा शाखा) श्री दिनेश मालवीय (उधारकर्ता) श्रीमती परियंका मालवीय, श्री नारायण लाल मालवीय और श्रीमती रामू बाई (सह-उधारकर्ता) | 13.04.2026 रु. 7,46,147/- (03.04.2026 तक) | मकान संख्या 96, 2235 वर्ग फुट क्षेत्रफल में, वार्ड संख्या 06, ग्राम गिरोली, पीएच संख्या 24, तहसील बड़ोद, जिला आगरा मालवा, शाजापुर, मध्य प्रदेश-465441 में स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः श्री भुवन का मकान, दक्षिणः श्री शिवनारायण का मकान, पूर्वः सामान्य सड़क, पश्चिमः श्री भगवान का मकान |
| 3. | (ऋण खाता संख्या) LNHLJIR000075034 (पुराना) 503000000804787 (नया) (जीरापुर शाखा) श्री कन्हैयालाल मोहन लाल (उधारकर्ता) श्रीमती संगीता (सह-उधारकर्ता) | 13.04.2026 रु. 3,32,418/- (03.04.2026 तक) | वह सारी जमीन और इमारत, जो मकान संख्या 119, वार्ड संख्या 1, मोहल्ला हरिजन कॉलोनी, नलखेड़ा, तहसील नलखेड़ा, जिला अगर मालवा, मध्य प्रदेश का हिस्सा है, कुल क्षेत्रफल 32.19 वर्ग मीटर। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः गली, पूर्वः हक त्याग गृहिता का मकान, पश्चिमः रामा जी का मकान। |

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीएचएफएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही करेगा, जो पूरी तरह से उक्त उधारकताओं के लागत और परिणामों के जोखिम पर होगी। उक्त उधारकताओं को अधिनियम के तहत सीजीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अभिनेता नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रदान किए गए कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थानः इंदौर
दिनांकः 22.04.2026

एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी),
कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के लिए



## पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल

### विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

**ई-निविदा सूचना संख्या DRM-BRC 019 से 025 वर्ष 2026-27**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA/C), वेस्टर्न रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004 द्वारा नीचे दिए गए कामों के लिए सीलबंद ई-निविदा मंगाए गए हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM BRC 019 of 2026-27 | (ब्रिज ज़ोन संख्या 15, वर्ष 2026-27) – ADEN (साउथ) भरूच के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुल कार्यों सहित रोड ओवर ब्रिज के लिए प्रत्येक कार्य की लागत ₹5,00,000.00 तक के नए कार्य तथा सभी सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | 81,33,293.44 | 1,62,700.00 |
| 2 | DRM BRC 020 of 2026-27 | (ब्रिज ज़ोन संख्या 16, वर्ष 2026-27) – ADEN (नॉर्थ) भरूच के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुल कार्यों सहित रोड ओवर ब्रिज के लिए प्रत्येक कार्य की लागत ₹5,00,000.00 तक के नए कार्य तथा सभी सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | 1,01,01,083.44 | 2,02,000.00 |
| 3 | DRM BRC 021 of 2026-27 | (ब्रिज ज़ोन संख्या 17, वर्ष 2026-27) – ADEN (नॉर्थ) वडोदरा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुल कार्यों सहित रोड ओवर ब्रिज के लिए प्रत्येक कार्य की लागत ₹5,00,000.00 तक के नए कार्य तथा सभी सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | 69,65,363.44 | 1,39,300.00 |
| 4 | DRM BRC 022 of 2026-27 | (ब्रिज ज़ोन संख्या 18, वर्ष 2026-27) – ADEN गोधरा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुल कार्यों सहित रोड ओवर ब्रिज के लिए प्रत्येक कार्य की लागत ₹5,00,000.00 तक के नए कार्य तथा सभी सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | 80,13,263.44 | 1,60,300.00 |
| 5 | DRM BRC 023 of 2026-27 | (ब्रिज ज़ोन संख्या 19, वर्ष 2026-27) – ADEN आनंद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुल कार्यों सहित रोड ओवर ब्रिज के लिए प्रत्येक कार्य की लागत ₹5,00,000.00 तक के नए कार्य तथा सभी सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | 90,76,403.44 | 1,81,500.00 |
| 6 | DRM BRC 024 of 2026-27 | (ब्रिज ज़ोन संख्या 20, वर्ष 2026-27) – ADEN नडियाद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुल कार्यों सहित रोड ओवर ब्रिज के लिए प्रत्येक कार्य की लागत ₹5,00,000.00 तक के नए कार्य तथा सभी सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | 80,07,575.44 | 1,60,200.00 |
| 7 | DRM BRC 025 of 2026-27 | (ब्रिज ज़ोन संख्या 21, वर्ष 2026-27) – ADEN (वर्क्स) वडोदरा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुल कार्यों सहित रोड ओवर ब्रिज के लिए प्रत्येक कार्य की लागत ₹5,00,000.00 तक के नए कार्य तथा सभी सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | 31,15,985.86 | 62,300.00 |

**निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा दिनांक **12.05.2026** को **15.00** बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है तथा उसी तिथि को **15.30** बजे खोली जानी है। **वेबसाइट विवरण तथा उस स्थान के निर्देश जहां पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है कार्यालय का पता: वेबसाइट: www.ireps.gov.in.** मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए/सी) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा -390 004.

BRC 004

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly



TATA

## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, क्रमांक L65990MH1991PLC060670

### कब्जे की सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)

(परिशिष्ट IV के अनुसार, सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 (1) के साथ पढ़ा जाए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) और नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकताओं को उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए मांग नोटिस जारी करता हूं।

उधारकर्ता द्वारा राशि का भुगतान न करने पर, उधारकर्ता को विशेष रूप से तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋण लेने वाले व्यक्ति और आम जनता को यह चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा नीचे उल्लिखित राशि, उस पर लगने वाले ब्याज, दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि सहित, नीचे उल्लिखित तिथि से लागू होगा।

ऋण लेने वाले व्यक्ति का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय का उल्लेख है।

| ऋण खाता सं. | दायित्वकर्ता(यों) का नाम / कानूनी उत्तराधिकारी(यों)/ कानूनी प्रतिनिधि (यों) | राशि और मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| TCHHF028400 01004 24288 & TCHIN028400 0100425607 | श्री कपिल राठौर (ऋणकर्ता) और श्रीमती निर्मला राठौर (सह-ऋणकर्ता) | रु. 11,25,747/- और रु. 38,228/- 03.02.2026 तक | 20.04.2026 (प्रतीकात्मक) |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरणः-** फ्लैट संख्या जी-09, भूतल, पी. हुकुमचंद मार्केट, नगर पालिका मकान संख्या 252, (पुराना नंबर 245 (143 और 32), इमली बाजार (सिरेमल बापन्ना मार्ग), इंदौर, निर्मित क्षेत्र 85.75 वर्ग फुट (अर्थात 7.99 वर्ग मीटर)। सीमाएँ: पूर्वः फ्लैट संख्या जी-10, पश्चिमः फ्लैट संख्या जी-08, उत्तरः गलियारे के बाद मकान संख्या 142, दक्षिणः मकान संख्या 144 | | | |
| TCHHF028400 010 0246471 & TCHHL0284000 100245117 & TCHIN028400 0100247946 | श्री कपिल यादव (ऋणकर्ता) और श्रीमती मनीषा बोदाने (सह-ऋणकर्ता) | रु. 6,25,843/- और रु. 11,26,741/- और रू. 63,885 03.02.2026 तक | 17.04.2026 (प्रतीकात्मक) |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरणः-** इंदौर जिले के देवगुरड़िया गांव में स्थित प्लॉट संख्या 69, "एमराल्ड अनंत", तहसील में 15 फीट x 45 फीट का प्लॉट है, जिसका कुल क्षेत्रफल 675 वर्ग फीट (यानी 62.70 वर्ग मीटर) है। सीमाएँ: पूर्वः 9 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिमः प्लॉट संख्या 50, उत्तरः प्लॉट संख्या 70, दक्षिणः प्लॉट संख्या 68। | | | |
| TCHHL02840 00100366084 & TCHIN02840 00100368003 | श्री वीरेंद्र पुत्र नंदलाल (उधारकर्ता), और श्रीमती विधा देवी, श्री राहुल मारोठिया (सह-उधारकर्ता) | रु. 23,15,924/- और रु. 66,609/- 02.02.2026 तक | 17.04.2026 (प्रतीकात्मक) |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरणः-** प्रकोष्ठ संख्या 102, "सनराइज ट्विन्स" ब्लॉक - बी की पहली मंजिल, प्लॉट संख्या 26 पर निर्मित, श्री कृष्णा एवेन्यू फेज - 3, ग्राम लिंबोडी, तहसील और जिला इंदौर में स्थित। निर्मित क्षेत्र 713 वर्ग फुट (यानी 66.26 वर्ग मीटर)। सीमाएँ: पूर्वः प्रकोष्ठ संख्या 101, पश्चिमः प्लॉट संख्या 25, उत्तरः प्रकोष्ठ संख्या 103, दक्षिणः सड़क। | | | |

दिनांकः-22.04.2026
स्थानः- इंदौर

हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए